भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3389
बुधवार, 9 अगस्त, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

आर्कटिक में अनुसंधान स्टेशन

3389. श्री श्याम सिंह यादव :

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार आर्कटिक क्षेत्र या अंटार्कटिका में एक और अनुसंधान स्टेशन स्थापित करने का इरादा रखती है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

उत्तर
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रिजिजू)

(क) जी नहीं। आर्कटिक क्षेत्र या अंटार्कटिका में एक और अनुसंधान स्टेशन स्थापित करने की कोई योजना नहीं हैं। आर्कटिका में भारत के दो अनुसंधान स्टेशन (मैत्री और भारती) हैं जिनका संचालन पूरे वर्ष होता है। आर्कटिक में भी भारत का एक अनुसंधान स्टेशन 'हिमाद्री' है, अभी जिसका संचालन केवल ग्रीष्मकाल के दौरान होता है। आर्कटिक क्षेत्र में वैज्ञानिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए इस स्टेशन पर पूरे वर्ष के दौरान अनुसंधान करने की योजना है।

(ख) कोई भी अतिरिक्त निधियां अलग से आवंटित नहीं की गई है, तथापि ध्रुवीय एवं हिमांकमंडल अनुसंधान (PACER) योजना के अंतर्गत मौजूदा निधियों का उपयोग किया जाएगा।

*****